जोन 03 अंतर्गत अवैध कब्जा को निगम की टीम ने किया ध्वस्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। जोन 03 वार्ड क्रं. 30 प्रगति नगर केम्प–01 के गली में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसे निगम की टीम द्वारा ध्वस्त कर मलवे को हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी, कि जोन 03 क्षेत्र के वार्ड 30 प्रगति नगर केम्प–01 के गली में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा है। बसंतराव वडीकार को उक्त स्थल का पटटा जारी किया गया था, इनके द्वारा अतिरिक्त भूमि पर मकान का निर्माण किया जा रहा है। निगम द्वारा बसंतराव वडीकार को नोटिस भी जारी किया गया था, कि स्थल से अतिरिक्त कब्जा स्वयं द्वारा हटाया जाये। किन्तु उनके द्वारा अवैध कब्जा हटाया नहीं गया। जोन 03 कार्यालय की टीम स्थल निरीक्षण करने पहुची, तो वहां देखा की बसंतराव वडीकार द्वारा अतिरिक्त भूमि पर मकान का निर्माण किया गया है। जिससे गली में आने जाने वालो को आवागमन में असुविधा हो रही है। मकान के अतिरिक्त भाग को टीम ध्वस्त किया गया। मलवे को डम्फर के माध्यम से हटाया गया। जिससे आने जाने वालो को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। कार्यवाही के दौरान जोन के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम एवं निगम का तोड़फोड़ दस्ता उपस्थित रहे।